**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2605**
**04 अगस्त, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**मेडिकल कॉलेजों में सीटें बढ़ाना**

**2605. श्री हेमन्त पाटिल:**
**श्री रविन्दर कुशवाहा:**
**श्री सुब्रत पाठक:**
**श्री खगेन मुर्मु:**
**श्री रवि किशन:**
**श्री महाबली सिंह:**
**श्री भागीरथ चौधरी:**

**क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में जनसंख्या के अनुपात में चिकित्सा संस्थानों की स्थापना और डॉक्टरों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस और स्नातकोत्तर की सीटों को बढ़ाने के लिए क्या मानदण्ड निर्धारित किए गए हैं और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तथा राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश में सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों को एमबीबीएस और स्नातकोत्तर की संस्थान-वार कितनी सीटें आवंटित की गई हैं;

(ग) क्या विगत आठ वर्षों के दौरान एमबीबीएस और स्नातकोत्तर की सीटों की संख्या में वृद्धि की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र और संस्थान-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या एमबीबीएस और स्नातकोत्तर सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए राज्यों से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) से (घ): सरकार ने मेडिकल कॉलेजों की संख्या में वृद्धि की है और इसके बाद एमबीबीएस सीटें भी बढ़ाई हैं। मेडिकल कॉलेजों में 82% की वृद्धि हुई है, जो 2014 से पहले 387 की तुलना में बढ़कर अब 704 हो गए हैं। इसके अलावा, एमबीबीएस सीटों में 110% की वृद्धि हुई है, जो 2014 से पहले 51,348 की तुलना में बढ़कर अब 1,07,948 हो गई है। देश में चिकित्सा शिक्षा सुविधाओं को बढ़ाने और चिकित्सा मानकों में सुधार के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कुछ उपायों/कदमों में निम्नलिखित शामिल हैं: -

i. जिला/रेफरल अस्पताल को अपग्रेड करके नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए सीएसएस, जिसके तहत 157 नए मेडिकल कॉलेजों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 107 पहले से ही प्रचालनरत हैं।

ii. एमबीबीएस (स्नातक) और पीजी सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए मौजूदा राज्य सरकार/केंद्र सरकार के मेडिकल कॉलेजों के सुदृढ़ीकरण/उन्नयन के लिए केंद्र प्रायोजित योजना ।

iii. पीएमएसएसवाई योजना के "सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉकों के निर्माण द्वारा सरकारी मेडिकल कॉलेजों का उन्नयन" के तहत कुल 75 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनमें से 62 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।

iv. नए एम्स की स्थापना के लिए केंद्र प्रायोजित योजना के तहत 22 एम्स को मंजूरी दी गई है। इनमें से 19 में स्नातक पाठ्यक्रम शुरू हो गए हैं।

v. संकाय, कर्मचारियों, बिस्तरों की संख्या और अन्य बुनियादी ढांचे की आवश्यकता के संदर्भ में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के मानदंडों में छूट।

vi. संकाय की कमी को पूरा करने हेतु शिक्षण संकाय के रूप में नियुक्ति के लिए डीएनबी योग्यता को मान्यता दी गई है।

vii. मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों/डीन/प्रिंसिपल/निदेशक के पदों पर नियुक्ति/विस्तार/पुनर्रोजगार के लिए आयु सीमा को 70 वर्ष तक बढ़ाया गया है।

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 के तहत बनाए गए “वार्षिक एम.बी.बी.एस. प्रवेश के लिए न्यूनतम अपेक्षाएं” विनियम, 2020” और “स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा विनियम, 2000” देश में एमबीबीएस और पीजी सीटों की वृद्धि के लिए मानदंड निर्धारित करते हैं।

वर्ष 2023-24 के लिए देश के सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस और पीजी सीटों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण **अनुलग्नक-I** में है। शैक्षणिक वर्ष 2015-16 और 2023-24 के लिए उपलब्ध एमबीबीएस और पीजी सीटों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण **अनुलग्नक-II** में है।

इसके अलावा, एमबीबीएस (यूजी) और पीजी सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए मौजूदा राज्य सरकार/केंद्र सरकार के मेडिकल कॉलेजों के सुदृढ़ीकरण/उन्नयन के लिए केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) के अंतर्गत, 5612.25 करोड़ रु. की अनुमोदित लागत के साथ 77 कॉलेजों में 4677 एमबीबीएस सीटों की वृद्धि, चरण- I में 72 कॉलेजों में 4058 पीजी सीटें 1498.43 करोड़ रू. की अनुमोदित लागत के साथ और चरण- II में 4461.44 करोड़ रूपये की अनुमोदित लागत से 62 कॉलेजों में 3957 पीजी सीटों के लिए सहायता प्रदान की गई। योजना के तहत अनुमोदित एमबीबीएस और पीजी सीटों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण **अनुलग्नक-III** में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक-I

**वर्ष 2023-24 के लिए देश के सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस और पीजी सीटों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण**

| **क्र.सं.** | **राज्य**/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | **यूजी** | | **पीजी** | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **सरकारी सीटें** | **निजी सीटें** | **सरकारी सीटें** | **निजी सीटें** |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 114 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 3235 | 3200 | 1853 | 1670 |
| 3 | अरूणाचल प्रदेश | 50 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | असम | 1550 | 0 | 738 | 0 |
| 5 | बिहार | 1615 | 1050 | 898 | 314 |
| 6 | चंडीगढ़ | 150 | 0 | 584 | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ | 1555 | 450 | 475 | 104 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 177 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | दिल्ली | 1247 | 250 | 2901 | 49 |
| 10 | गोवा | 180 | 0 | 135 | 0 |
| 11 | गुजरात | 4250 | 2650 | 2151 | 724 |
| 12 | हरियाणा | 835 | 1350 | 430 | 456 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 770 | 150 | 264 | 92 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 1247 | 100 | 605 | 51 |
| 15 | झारखंड | 730 | 250 | 270 | 0 |
| 16 | कर्नाटक | 3700 | 7995 | 1860 | 4542 |
| 17 | केरल | 1755 | 2900 | 1077 | 840 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 2400 | 2250 | 1491 | 861 |
| 19 | महाराष्ट्र | 5025 | 5720 | 3562 | 2481 |
| 20 | मणिपुर | 375 | 150 | 255 | 0 |
| 21 | मेघालय | 50 | 0 | 37 | 0 |
| 22 | मिजोरम | 100 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | ओडिशा | 1675 | 850 | 725 | 509 |
| 24 | पुदुचेरी | 380 | 1450 | 314 | 703 |
| 25 | पंजाब | 850 | 950 | 408 | 380 |
| 26 | राजस्थान | 3925 | 1650 | 1246 | 621 |
| 27 | सिक्किम | 0 | 150 | 0 | 34 |
| 28 | तमिलनाडु | 5250 | 6350 | 2759 | 2323 |
| 29 | तेलंगाना | 3890 | 4650 | 1492 | 1484 |
| 30 | त्रिपुरा | 125 | 100 | 85 | 6 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | 4303 | 5400 | 2275 | 1894 |
| 32 | उत्तराखंड | 700 | 450 | 1570 | 257 |
| 33 | पश्चिम बंगाल | 3975 | 1200 | 1785 | 295 |
| 34 | नागालैंड | 100 | 0 | 0 | 0 |

अनुलग्नक-II

**शैक्षणिक वर्ष 2015-16 और 2023-24 के लिए उपलब्ध एमबीबीएस और पीजी सीटों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | 2015-16 | | 2023-24 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | यूजी | पीजी | यूजी | पीजी |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 100 | 0 | 114 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 7150 | 2913 | 6435 | 3523 |
| 3 | अरूणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 50 | 0 |
| 4 | असम | 726 | 416 | 1550 | 738 |
| 5 | बिहार | 1450 | 472 | 2665 | 1212 |
| 6 | चंडीगढ़ | 100 | 64 | 150 | 584 |
| 7 | छत्तीसगढ | 800 | 90 | 2005 | 579 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 0 | 0 | 177 | 0 |
| 9 | दिल्ली | 1073 | 1203 | 1497 | 2950 |
| 10 | गोवा | 150 | 103 | 180 | 135 |
| 11 | गुजरात | 3230 | 1699 | 6900 | 2875 |
| 12 | हरियाणा | 900 | 342 | 2185 | 886 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 350 | 159 | 920 | 356 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 500 | 373 | 1347 | 656 |
| 15 | झारखंड | 350 | 187 | 980 | 270 |
| 16 | कर्नाटक | 7355 | 3618 | 11695 | 6402 |
| 17 | केरल | 3650 | 1278 | 4655 | 1917 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 2100 | 756 | 4650 | 2352 |
| 19 | महाराष्ट्र | 6595 | 3265 | 10745 | 6043 |
| 20 | मणिपुर | 200 | 123 | 525 | 255 |
| 21 | मेघालय | 50 | 8 | 50 | 37 |
| 22 | मिजोरम | 0 | 0 | 100 | 0 |
| 23 | ओडिशा | 1250 | 558 | 2525 | 1234 |
| 24 | पुदुचेरी | 1350 | 413 | 1830 | 1017 |
| 25 | पंजाब | 1295 | 1054 | 1800 | 788 |
| 26 | राजस्थान | 2250 | 1064 | 5575 | 1867 |
| 27 | सिक्किम | 100 | 22 | 150 | 34 |
| 28 | तमिलनाडु | 6115 | 2605 | 11600 | 5082 |
| 29 | तेलंगाना | 0 | 0 | 8540 | 2976 |
| 30 | त्रिपुरा | 200 | 30 | 225 | 91 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | 4699 | 1628 | 9703 | 4169 |
| 32 | उत्तराखंड | 600 | 170 | 1150 | 1827 |
| 33 | पश्चिम बंगाल | 2450 | 1237 | 5175 | 2080 |
| 34 | नागालैंड | 0 | 0 | 100 | 0 |

**अनुलग्नक-III**

**एमबीबीएस (यूजी) और पीजी सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए मौजूदा राज्य सरकार/केंद्र सरकार के मेडिकल कॉलेजों का सुदृढीकरण /उन्नत करने के लिए सीएसएस के तहत 2009-10 से अनुमोदित एमबीबीएस और पीजी सीटों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण**

| **क्र.सं.** | **राज्य**/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | **अनुमोदित एमबीबीएस सीटें** | **अनुमोदित पीजी सीटें** |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 150 | 1040 |
| 3 | अरूणाचल प्रदेश | 0 | 0 |
| 4 | असम | 0 | 143 |
| 5 | बिहार | 0 | 314 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0 | 48 |
| 7 | छत्तीसगढ | 150 | 79 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 0 | 0 |
| 9 | दिल्ली | 0 | 0 |
| 10 | गोवा | 0 | 124 |
| 11 | गुजरात | 270 | 214 |
| 12 | हरियाणा | 0 | 0 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 120 | 17 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 60 | 196 |
| 15 | झारखंड | 100 | 102 |
| 16 | कर्नाटक | 550 | 70 |
| 17 | केरल | 0 | 150 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 600 | 849 |
| 19 | महाराष्ट्र | 700 | 692 |
| 20 | मणिपुर | 50 | 0 |
| 21 | मेघालय | 0 | 0 |
| 22 | मिजोरम | 0 | 0 |
| 23 | ओडिशा | 200 | 107 |
| 24 | पुदुचेरी | 0 | 0 |
| 25 | पंजाब | 100 | 87 |
| 26 | राजस्थान | 700 | 1467 |
| 27 | सिक्किम | 0 | 0 |
| 28 | तमिलनाडु | 345 | 0 |
| 29 | तेलंगाना | 0 | 511 |
| 30 | त्रिपुरा | 0 | 115 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | 432 | 556 |
| 32 | उत्तराखंड | 50 | 62 |
| 33 | पश्चिम बंगाल | 100 | 1072 |